Sewing Machine Training centre at Bholadih

Rajdhani Mail : 15.03.2014

भोलाडीह में रामकृष्णा फोर्जिंग्स सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र शुरू

गम्हरिया : महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राम कृष्णा फोर्जिंग्स कंपनी की ओर से भोलाडीह सामुदायिक भवन में सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की गयी. इस केन्द्र का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया.

केन्द्र का उद्घाटन कंपनी के प्लांट हेड कंचन चौधरी ने फीता काटकर किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि केन्द्र खोलने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं व युवतियों को स्वावलंबन बनाना है. उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं लाभांवित होंगी. इस मौके पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट एसपी सेनापति, प्रोजेक्ट महाप्रबंधक एस सिद्धिकी, एचआर बिनोद आर्या, संजय सिंह, ग्रामीणों में गणेश टुडू, बुद्धेश्वर कुम्भकार, कालीपद कुम्भकार, सिलाई प्रशिक्षिका रंजना पाल समेत काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थीं.